# स्वर्गीय श्री यशवंत शंकर धर्माधिकारी शताब्दी वर्ष

गोविंदराम सेकसरिया अर्थ वाणिज्य स्वशासी महाविद्यालय में आज दिनांक 16/06/2025 दिन सोमवार को महाविद्यालय शासी निकाय के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय श्री यशवंत शंकर धर्माधिकारी शताब्दी वर्ष कार्यक्रम के अंतर्गत उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर महाविद्यालय में श्रृद्धा सुमन कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय में उनके समकालीन निकटतम मित्र तथा पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी श्री रविशंकर द्विवेदी जी उपस्थित थे। आदरणीय द्विवेदी जी ने आदरणीय धर्माधिकारी जी के सरल,विनोदप्रिय, मददगार और उदार व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनसे जुड़े अनेक संस्मरणों को साझा किया इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नरेशचंद्र त्रिपाठी जी ने कहा कि धर्माधिकारी जी ज्ञान और विद्वत्ता कि अभूतपूर्व मिसाल थे । शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ अमरेन्द्र पाण्डेय जी ने भी स्वस्थ रहने के महत्व पर प्रकाश डाला तथा सभी प्राध्यापको एवं कर्मचारियों को नियमित व्यायाम करने हेतु प्रेरित किया। श्री रविशंकर द्विवेदी जी एवं डॉ अमरेन्द्र पाण्डेय जी को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन उप प्राचार्य डॉ शिवकुमार व्यासजी ने तथा आभार प्रदर्शन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ दुर्गेश बाबू कोष्ठा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारी गण उपस्थित एवं बहुत बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।




पुण्य-स्मरण
श्री यशवंत शंकर धर्माधिकारी जी
शासी-निकाय)
महाविद्यालय (स्वशासी)



